**दिनांक–19.06.2026 को सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में CONSTRUCTION OF BLOCK CUM CIRCLE OFFICE BUILDING AT BLOCK- BHARGAMA IN DIST.- ARARIA (TENDER ID-127812) कार्य के लिए आमंत्रित निविदा के तकनीकी बीड निष्पादन के क्रम में प्राप्त परिवाद के निस्तार हेतु विभागीय निविदा समिति की आहूत बैठक की कार्यवाहीः–**

---

**उपस्थितिः–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (i) | **श्री प्रणव कुमार,**<br>सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना। | – | **अध्यक्ष** |
| (ii) | **श्री सुरेश प्रसाद प्रभाकर,**<br>अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव, भ0नि0वि0, पटना। | – | **सदस्य** |
| (iii) | **ई0 रामाज्ञा कुमार,**<br>मुख्य अभियंता (उत्तर), भवन निर्माण विभाग, पटना। | – | **सदस्य** |
| (iv) | **श्री विकास कुमार पाण्डेय,**<br>आन्तरिक वित्तीय सलाहकार, भ0नि0वि0, पटना। | – | **सदस्य** |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | **योजना का नाम** | – | CONSTRUCTION OF BLOCK CUM CIRCLE OFFICE BUILDING AT BLOCK- BHARGAMA IN DIST- ARARIA |
| 2. | **योजना की प्रशासनिक स्वीकृति की राशि** | – | ₹16,62,10,000/– (ग्रामीण विकास विभाग का ज्ञापांक– 3556556 दिनांक– 10.01.2025) |
| 3. | **तकनीकी स्वीकृति की कुल राशि (विद्युत कार्य सहित)** | – | ₹16,01,79,595/– (मुख्य अभियंतानि0) का पत्रांक 1080 (नि0) अनु0 दिनांक–12.07.2025 एवं मुख्य विद्युत अभियंता का ज्ञापांक–732 (वि0), दिनांक–01.07.2025) |
| 4. | **योजना अन्तर्गत विषयांकित कार्य हेतु परिमाण विपत्र की राशि** | – | ₹15,60,92,489/– |
| 5. | **निविदा आमंत्रण की तिथि** | – | 10.03.2026 |
| 6. | **निविदा प्राप्त (डाउनलोड) की अंतिम तिथि** | – | 16.04.2026 |
| 7. | **निविदा जमा (अपलोड) की अंतिम तिथि** | – | 16.04.2026 |
| 8. | **प्री–बीड की बैठक की तिथि एवं समय** | – | (a) दिनांक–30.03.2026 को 3.00 बजे अधीक्षण अभियंता, भवन अंचल, पूर्णियाँ के कार्यालय कक्ष में।<br>(b) दिनांक–07.04.2026 को 3.00 बजे मुख्य अभियंता (उत्तर) के कार्यालय कक्ष में। |
| 9. | **कार्य समाप्ति की अवधि** | – | 12 (बारह) माह |
| 10. | **निविदा प्रसारण का माध्यम** | – | ई–निविदा एवं दैनिक समाचार पत्र |
| 11. | **निविदा आमंत्रण सूचना प्रकाशन की तिथि एवं प्रकाशित समाचार पत्र का नाम** | – | दैनिक भास्कर समाचार पत्र, दिनांक–14.03.2026 |
| 12. | **निविदा आमंत्रण सूचना प्रकाशन की तिथि एवं प्रकाशित समाचार पत्र का नाम** | – | पी0आर0सं0–26200(भवन)2025–26 |
| 13. | **निविदा में भाग लेनेवाले निविदाकार का नाम एवं पता** | – | (i) KUNAL KUSH ADD- GAIYARI YADAV TOLA NEAR TAWAR ARARIA (BCD Class-1, Reg. no.- 1220058) |
| | | – | (ii) SKPG INFRA PRIVATE LIMITED, ADD-MOTI KUNJ SAGUNA, SADIKPUR, PATNA (BCD Class-1, Reg. no.- 1250231) |
| | | – | (iii) RIYA CONSTRUCTION (PROP- BHUSHAN SINGH) ADD- WARD NO-5 KHAIRAKHAN, ARARIA (BCD Class-1, Reg. no.- 1240198) |

– (iv) RAJEEV RANJAN ADD- HOUSE NO-[illegible] TODA TORA, NALANDA (BCD Class-1, R[illegible] 1210059)

14. **<u>प्रथम बार आमंत्रित निविदा की कार्यवाही:-</u>**

दिनांक–16.09.2025 को आहूत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक में विषयांकित कार्य हेतु प्रथम बार आमंत्रित निविदा में एकमात्र निविदाकार "BABLU KR BHAGAT, ABD CHOWK ARARIA BIHAR" के सफल पाये जाने के कारण वित्त विभाग, बिहार, पटना की अधिसूचना सं0–7806, दिनांक–30.09.2016 के आलोक में निविदा को रद्द कर **'पुनर्निविदा'** करने का निर्णय लिया गया।

15. **<u>द्वितीय बार आमंत्रित निविदा की कार्यवाही:-</u>**

दिनांक–18.02.2026 को आहूत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक में विषयांकित कार्य हेतु द्वितीय बार आमंत्रित निविदा में कोई भी निविदाकार के सफल नहीं पाये जाने के कारण वित्त विभाग, बिहार, पटना की अधिसूचना सं0–7806, दिनांक–30.09.2016 के आलोक में निविदा को रद्द कर **'पुनर्निविदा'** करने का निर्णय लिया गया।

16. **<u>वर्त्तमान में (तृतीय बार) आमंत्रित निविदा की कार्यवाही:-</u>**

विषयांकित कार्य हेतु तृतीय बार आमंत्रित निविदा में उपरोक्त चार निविदाकारों द्वारा भाग लिया गया है। उक्त चारों निविदाकार के तकनीकी बीड के अभिलेखों को अधीक्षण अभियंता, भवन अंचल, पूर्णियाँ के पत्रांक 896 अनु0 दिनांक 17.04.2026 द्वारा मूल्यांकन हेतु भेजा गया है।

दिनांक–27.05.2026 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक में लिए गए निर्णय पर आपत्ति/परिवाद हेतु कार्यवाही को विभागीय बेवसाईट पर रखा गया। विषयांकित कार्य के परिवादी KUNAL KUSH, ADD- GAIYARI YADAV TOLA NEAR TAWAR ARARIA (BCD Class-1, Reg. no.-1220058) द्वारा दिनांक–01.06.2026 को तकनीकी बीड के मूल्यांकन पर लिखित आपत्ति दी गयी है, जिसका विवरण एवं उक्त आपत्ति पर तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति का मंतव्य निम्नवत् है:-

| प्राप्त आपत्ति की विवरणी | प्राप्त आपत्ति पर तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति का मंतव्य |
|---|---|
| परिवादी KUNAL KUSH ने अपने पत्रांक–93/2026 दिनांक–01.06.2026 के द्वारा लिखित आपत्ति दी गयी है कि :- तकनीकी बीड मूल्यांकन विभागीय वेबसाईट पर देखने से ज्ञात हुआ है कि उपरोक्त कार्य के निविदा में SKPG INFRA PRIVATE LIMITED, ADD-MOTI KUNJ SAGUNA, SADIKPUR, PATNA (प्रो0–शिव कुमार पंडित) के द्वारा Existing Bid Capilcity का ब्यौरा जो दिया गया है उसमें पंचायत सरकार भवन पोठिया जिला किशनगंज एकरारनामा सं0–SBD-02/2024-2025 का ब्यौरा छुपाया गया है। जो कि यह दर्शाता है कि संबंधित संवेदक विभाग को गुमराह करने की कोशिश की है। | तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति ने आपत्तिकर्त्ता निविदाकार KUNAL KUSH द्वारा दर्ज की गयी अपत्ति के आलोक में उनके द्वारा E-Tender माड्यूल में Upload किये गये तकनीकी बीड के अभिलेखों की पुनःसमीक्षा की गई। पुनःसमीक्षा के क्रम में आपत्तिकर्त्ता निविदाकार KUNAL KUSH के द्वारा दिए गए आरोप का सत्यापन हेतु मुख्य अभियंता (उत्तर) के पत्रांक–2897 अनु0, दिनांक–04.06.2026 के द्वारा कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, किशनगंज को भेजा गया था। कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, किशनगंज के पत्रांक–926 अनु0, दिनांक–08.06.2026 के द्वारा इस कार्यालय को सूचित किया गया कि एकरारनामा सं0–SBD-02/2024-2025 का कार्य अंतिम चरण में है। उक्त एकरारनामा के अन्तर्गत संबंधित कार्य निविदाकार SKPG INFRA PRIVATE LIMITED, ADD-MOTI KUNJ SAGUNA, SADIKPUR, PATNA (प्रो0–शिव कुमार पंडित) के द्वारा इस निविदा में नहीं दर्शाया गया है।<br>उपरोक्त तथ्यों के आलोक में तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा प्राप्त आपत्ति को सर्वसम्मति से मान्य करते हुए निविदाकार SKPG INFRA PRIVATE LIMITED को तकनीकी बीड मूल्यांकन में **"असफल"** घोषित किया जाता है। |

तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा सर्वसम्मति से विषयांकित कार्य हेतु तृतीय बार आमंत्रित निविदा के परिवादी KUNAL KUSH द्वारा दिये गये परिवाद को मान्य करते हुए विषयांकित कार्य के निविदा **में भाग लिये चार निविदाकारों में से एकमात्र निविदाकार** i) KUNAL KUSH, ADD- GAIYARI YADAV TOLA NEAR TAWAR ARARIA (BCD Class-1, Reg. no.- 1220058) **को तकनीकी बीड में 'सफल' एवं अन्य तीन निविदाकार** **i)** SKPG INFRA PRIVATE LIMITED, ADD-MOTI KUNJ SAGUNA, SADIKPUR, PATNA (BCD Class-1, Reg. no.- 1250231) **ii)** RIYA CONSTRUCTION (PROP- BHUSHAN SINGH) ADD- WARD NO-5 KHAIRAKHAN, ARARIA (BCD Class-1, Reg. no.- 1240198) **एवं iii)** RAJEEV RANJAN, ADD- HOUSE NO-11, VILL- TODA TORA, NALANDA (BCD Class-1, Reg. no.- 1210059) **को 'असफल'** घोषित करने की अनुशंसा की जाती है।

17. **तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसाः–**

सम्यक् विचारोपरांत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा सर्वसम्मति से विषयांकित कार्य के निविदा **में भाग लिये चार निविदाकारों में से एकमात्र निविदाकार**

i) KUNAL KUSH, ADD- GAIYARI YADAV TOLA NEAR TAWAR ARARIA (BCD Class-1, Reg. no.- 1220058)

को तकनीकी बीड में **'सफल'** घोषित करने एवं **अन्य तीन निविदाकार**

i) SKPG INFRA PRIVATE LIMITED, ADD-MOTI KUNJ SAGUNA, SADIKPUR, PATNA (BCD Class-1, Reg. no.- 1250231),
ii) RIYA CONSTRUCTION (PROP- BHUSHAN SINGH) ADD- WARD NO-5 KHAIRAKHAN, ARARIA (BCD Class-1, Reg. no.- 1240198) एवं
iii) RAJEEV RANJAN, ADD- HOUSE NO-11, VILL- TODA TORA, NALANDA (BCD Class-1, Reg. no.- 1210059)

को तकनीकी बीड में **'असफल'** घोषित करने की अनुशंसा की जाती है। साथ ही **सफल एकमात्र निविदाकार** का वित्तीय बीड खोले जाने की अनुशंसा पर सहमति प्राप्त करने हेतु विभागीय निविदा समिति में रखने का निर्णय लिया गया।

18. **विभागीय निविदा समिति का निर्णयः–**

सम्यक् विचारोपरान्त विभागीय निविदा समिति द्वारा सर्वसम्मति से तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा की गयी अनुशंसा पर सहमति प्रदान की गयी।

इस कार्यवाही को विभागीय बेवसाईट पर अपलोड की जाय।

अंत में बैठक सधन्यवाद समाप्त हुई।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 19/6/26 | 19.6.26 | 19.6.26 | 19/6/26 |
| (विकास कुमार पाण्डेय) | (रामाज्ञा कुमार) | (सुरेश प्रसाद प्रभाकर) | (प्रणव कुमार) |
| आन्तरिक वित्तीय सलाहकार | मुख्य अभियंता(उत्तर) | अभियंता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त-सह-विशेष सचिव, भ०नि०वि०, पटना। | सचिव |
| भ०नि०वि०, पटना। | भ०नि०वि०, पटना। | | भ०नि०वि०, पटना। |

मुख्य अभियंता (उत्तर) का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

ज्ञापांकः–भ०उ०वि०/यो०(पू०)-85/2025-3140 पटना, दिनांकः- 19/6/26

प्रतिलिपि–आई०टी० मैनेजर, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

19.6.26
मुख्य अभियंता (उत्तर)।